# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर

**पीठासीन अधिकारी–पीयुष समारिया, आई.ए.एस.**

**प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या– 213/2022**
**जी.सी.एम.एस. पोर्टल संख्या– 2022/269**

| **प्रार्थी** | बनाम | **अप्रार्थीगण** |
|---|---|---|
| भारतीय स्टेट बैंक शाखा जय शिव चौक मकराना | | 1. मैसर्स अब्दुल समद नानूजी पता– नैशनल होटल के सामने बोरावड रोड मकराना<br>2. अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल समद<br>3. अब्दुल रहीम सिसोदिया<br>पता–रेल्वे टैंक के पास, वार्ड नं. 29 मकराना नागौर |

**आदेश** **दिनांक :** 26-7-2022

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ। जो दर्ज रजिस्टर किया गया।

वकील प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैक ने अप्रार्थी/ऋणी को रूपये **45,00,000/–(अक्षरे पैंतालीस लाख रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 24.11.2014** को ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति– 1– औधोगिक पट्टा खसरा नं. 702, मकराना में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 6969.60 वर्गफीट है जो कि श्री अब्दुल समद के नाम से है। चतुर्थ समीएं– पूर्व में– अब्दुल रहमान खत्री जी की भूमि, पश्चिम में– श्री फारूख अली की भूमि, उत्तर में– खुली भूमि एंव रेल्वे लाईन, दक्षिण में– बोरावड मैन रोड, 2–पट्टा नं. 996, नेशनल हॉटल के सामने, बोरावड रोड मकराना में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गगज है। चतुर्थ सीमाएं– पूर्व में– नेशनल मार्बल, पश्चिम में–अब्दुल समद की भूमि, उत्तर में– अजीम खत्री की भूमि, दक्षिण में–30 फीट चौडी रोड** जो प्रार्थी बैक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये ।

अप्रार्थीगण/ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से उक्त खाते को **दिनांक** 27.02.2021 को एन.पी.ए. घोषित कर दिया गया व अप्रार्थी/ऋणी के ऋण खाते में **रूपये 57,32,538/–(अक्षरे सत्तावन लाख बत्तीस हजार पांच सौ अडतीस रूपये मात्र) दिनांक 17.01.2022 तक व आगे का ब्याज व खर्चे आदि सहित राशि** बकाया निकलते है।

उक्त ऋण खाते में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक ने ऋणी/अप्रार्थी को **दिनांक** 17.01.2022 को रजिस्टर्ड नोटिस दिये इसके अलावा अप्रार्थी संख्या 1 से 3 को उक्त नोटिस दिनांक 18.03.2022 को व्यक्तिशः दिये गये जिसकी प्राप्ति अप्रार्थीगण से उक्त नोटिसेज पर ली गई है, परन्तु नोटिस प्राप्ति के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर–अन्दर ऋण **रूपये 57,32,538/–(अक्षरे सत्तावन लाख बत्तीस हजार पांच सौ अडतीस रूपये मात्र) दिनांक 17.01.2022 तक व आगे का ब्याज व खर्चे आदि सहित राशि** को जमा कराना था, परन्तु ऋणी/अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, के कारण एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डोक्यूमेन्ट का ऋणी/जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण **सम्पति– 1– औधोगिक पट्टा खसरा नं. 702, मकराना में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 6969.60 वर्गफीट है जो कि श्री अब्दुल समद के नाम से है। चतुर्थ समीएं– पूर्व में– अब्दुल रहमान खत्री जी की भूमि, पश्चिम में– श्री फारूख अली की भूमि, उत्तर में– खुली भूमि एंव रेल्वे लाईन, दक्षिण में– बोरावड मैन रोड, 2–पट्टा नं. 996, नेशनल हॉटल के सामने, बोरावड रोड मकराना में**

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

**स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गगज है। चतुर्थ सीमाएं– पूर्व में– नेशनल मार्बल, पश्चिम में–अब्दुल समद की भूमि, उत्तर में– अजीम खत्री की भूमि, दक्षिण में–30 फीट चौडी रोड** का कब्जा लेना है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी/अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैंक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी/अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैंक से **45,00,000/–(अक्षरे पैंतालीस लाख रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 24.11.2014** को प्राप्त की थी। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैंक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैंक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार है:– प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

उपरोक्त प्रावधानो को दृष्टीगत रखते हुए इस संबंध मे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने हेतु आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते हैं । अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति– 1– औधोगिक पट्टा खसरा नं. 702, मकराना में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 6969.60 वर्गफीट है जो कि श्री अब्दुल समद के नाम से है। चतुर्थ समीएं– पूर्व में– अब्दुल रहमान खत्री जी की भूमि, पश्चिम में– श्री फारूख अली की भूमि, उत्तर में– खुली भूमि एंव रेल्वे लाईन, दक्षिण में– बोरावड मैन रोड, 2–पट्टा नं. 996, नेशनल हॉटल के सामने, बोरावड रोड मकराना में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गगज है। चतुर्थ सीमाएं– पूर्व में– नेशनल मार्बल, पश्चिम में–अब्दुल समद की भूमि, उत्तर में– अजीम खत्री की भूमि, दक्षिण में–30 फीट चौडी रोड** जो प्रार्थी बैंक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैंक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे संबधित थानाधिकारी, पुलिस थाना को निर्देशित करे कि वे उक्त संपत्ति का कब्जा व उससे संबंधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने हेतु मौके पर जाकर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

आदेश सुनाया गया।

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर एंवं मजिस्ट्रेट,नागौर
जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट
नागौर (राज.)